कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज।

दिनॉकः 06.12.24

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय की विज्ञप्ति दिनांक 03.12.2024 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, प्रयागराज में न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं0 2 का पद भर गया है। माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय से विचार विमर्श के उपरान्त न्यायिक कार्य को सुचारू रूप से संपादित कराने हेतु न्यायालय ए.सी.जे.एम. कक्ष संख्या–5, प्रयागराज से **थाना थरवई से संबंधित वाद एवं परिवाद** का क्षेत्राधिकार वापस लेते हुए थाना थरवई से संबंधित वाद एवं परिवाद का क्षेत्राधिकार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं0 2, प्रयागराज को प्रदान किया जाता है।

सम्बन्धित न्यायालय के लिपिकगण को आदेशित किया जाता है कि वह समस्त पत्रावलियों को नियमानुसार सी.आई.एस. के माध्यम से उसके क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय को अविलम्ब प्राप्त कराए।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

सर्व संबंधित सूचित हों।

S. Kum 6.12.24

(शशि कुमार)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
प्रयागराज।

प्रतिलिपिः

1.माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय प्रयागराज।
2.श्रीमान् नोडल अधिकारी कम्प्युटर अनुभाग को इस अनुरोध के साथ सादर प्रेषित है कि उपर्युक्त क्षेत्राधिकार संबंधी आदेश को जनपद न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करायें।
3.अध्यक्ष/मंत्री जिला अधिवक्ता संघ, जनपद न्यायालय, प्रयागराज।
4.आदेश की एक प्रति नजारत अनुभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त आदेश को मुख्य सूचना पटल/अधिवक्ता संघ भवन के सूचना पटल/जनपद न्यायालय के समस्त मुख्य गेट पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
5. संयुक्त निदेशक, अभियोजन कार्यालय, जनपद प्रयागराज।

S. Kum

(शशि कुमार)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
प्रयागराज।